उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–5 का उत्तर।

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 5(क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि विजय शंकर गुप्ता अध्यक्ष, भा0ज0पा0, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मण्डल गड़वार, जनपद–बलिया का आपको सम्बोधित पत्र, दिनांक 10 मई, 2022 तथा 23 मई, 2022 जो कन्या पाठशाला गड़वार जनपद बलिया के लिए सुरक्षित/आरक्षित भूमि को दबंगों द्वारा किया गया अवैध कब्जा हटाये जाने के सम्बन्ध में था, प्राप्त हुआ है ? | जी हॉ। |
| (ख) | यदि हॉ, तो पत्र के प्रमुख बिन्दु क्या–क्या थे तथा उन पर अभी तक क्या–क्या कार्यवाही कब–कब की गई है ? | श्री विजय शंकर गुप्ता के उक्त दोनों पत्र कन्या पाठशाला गड़वार बलिया के नाम से सुरक्षित भूमि पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटवाने से सम्बन्धित हैं। अवैध अतिक्रमण को हटाने हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी गड़वार द्वारा उप जिलाधिकारी सदर बलिया, जनपद बलिया के न्यायालय में वाद सं0–9011/2022 कम्प्यूटरी कृत वाद संख्या टी–202215090309011 उ0प्र0रा0सं0–2006 की धारा 136 के अन्तर्गत वाद दाखिल किया गया है जोकि विचाराधीन है। |
| (ग) | अभी तक कोई कार्यवाही न किये जाने के प्रमुख कारण क्या है, तथा इसके लिए दोषी अधिकारी कौन–कौन है ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | क्या उक्त जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के सम्बन्ध में अधिकारी, बलिया को कोई सूचना दी गई है? | जी हां। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सूचना दी गयी है। |
| (ड़) | यदि हॉ, तो उनके द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ? | बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उप जिलाधिकारी सदर बलिया, जनपद, बलिया के न्यायालय में वाद सं0–9011/2022 कम्प्यूटरी कृत वाद संख्या टी–202215090309011 उ0प्र0रा0सं0–2006 की धारा 136 के अन्तर्गत वाद दाखिल किया गया है जोकि विचाराधीन है। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।